नैया पड़ी मजधार

नैया पड़ी मजधार ओ मैया रानी पार करो
पार करो मैया पार करो
नैया पड़ी मजधार ओ मैया रानी पार करो

मन मुर्ख अज्ञानी मोरा जान ना पाया भेद ये तोरा
झूठा सब संसार ओ मैया रानी पार करो
नैया पड़ी मजधार ओ मैया रानी पार करो

झूठा है ये जग का सपना झूठा है ये तन मन अपना
जीना है दिन चार ओ मैया रानी पार करो
नैया पड़ी मजधार ओ मैया रानी पार करो

तू ही दुर्गा तू ही काली तू संतोषी माँ रखवाली
ममता का भंडार ओ मैया रानी पार करो
नैया पड़ी मजधार ओ मैया रानी पार करो

इत उत भटके मन का पंशी टूटी नैया रूठा माझी कौन लगाये पार
ओ मैया रानी पार करो
नैया पड़ी मजधार ओ मैया रानी पार करो

हर संतोषी मैया रानी सुनलो पीड़ा मात भवानी,
करे शंकर माँ पुकार ओ मैया रानी पार करो
नैया पड़ी मजधार ओ मैया रानी पार करो

https://bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/16643/title/naiya-pdi-majdhar

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |